# IIBX में पहला TCM सदस्य बना SBI

[स्रोत: टाइम्स ऑफ इंडिया](https://www.drishtiias.com)

भारतीय स्टेट बैंक (SBI) ने घोषणा की है कि वह इंडिया इंटरनेशनल बुलियन एक्सचेंज (IIBX) में **ट्रेडिंग कम क्लियरिंग (TCM) सदस्य बनने वाला पहला बैंक** बन गया है।

- यह SBI की IFSC बैंकिंग इकाई (IBU) को IIBX प्लेटफॉर्म पर व्यापार करने में सक्षम बनाता है क्योंकि भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) **ने IBU को** बुलियन एक्सचेंज के माध्यम से सोने के आयात के लिये **विशेष श्रेणी के ग्राहकों (SCC) के रूप में IIBX में व्यापारिक सदस्यों और समाशोधन सदस्यों के रूप में कार्य करने की अनुमति दी है।**
  - इस कदम से IIBX में **सोने और चाँदी की ट्रेडिंग मात्रा बढ़ने** के साथ ही भारत के बुलियन मार्केट में पारदर्शिता एवं दक्षता आने की संभावना है।
- अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण **(International Financial Services Centers Authority- IFSCA)** द्वारा विनियमित IIBX गिफ्ट-सिटी IFSC में स्थापित भारत का पहला बुलियन एक्सचेंज है।
  - **बुलियन मार्केट वह होता है जहाँ व्यापारी** सोने और चाँदी जैसी **कीमती धातुओं** का लेन-देन करते हैं, जिसमें क्रेताओं तथा विक्रेताओं के बीच एवं वायदा बाज़ार (नीलामी बाज़ार) में प्रत्यक्ष तौर पर आदान-प्रदान होता है।
    - चाँदी और सोने के बहुमुखी उपयोग, विशेष रूप से औद्योगिक अनुप्रयोगों में उनकी कीमतों को प्रभावित करते हैं। इसे मुद्रास्फीति के **विरुद्ध एक सुरक्षित विकल्प तथा निवेश के लिये उपयुक्त माना जाता है।**
- TCM वह सदस्य है जो अपने स्वयं के खाते पर तथा अपने ग्राहकों की ओर से व्यापार कर सकता है, साथ ही स्वयं व अन्य व्यापारिक सदस्यों द्वारा निष्पादित ट्रेडों को समाशोधित करके उनका निपटान भी सकता है, जो अपनी समाशोधन सेवाओं का उपयोग करने का विकल्प चुनते हैं।

**और पढ़ें:** गिफ्ट-सिटी और बुलियन एक्सचेंज

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sbi-becomes-first-tcm-member-at-iibx